वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :5 अंक : 06 गुरुवार 1 मई 2025 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

## लाइफकोच और वैलनेस एक्सपर्ट लीना गुप्ता की पुस्तक का विमोचन

### महिलाओं के लिए हुआ विशेष वैलनेस कार्निवल, एम्पावरमेंट पर सेशन और सेल्फ मेकअप मास्टरक्लास ने किया अट्रेक्ट



**जयपुर. कासं**

जयपुर में महिलाओं के लिए एक विशेष वैलनेस कार्निवल का आयोजन किया गया, जिसमें कई प्रेरणादायक सेशंस और इंटरऐक्टिव एक्सपीरियंस शामिल थे। कार्यक्रम में महिलाओं के लिए वेल्थ मैनेजमेंट पर एक ज्ञानवर्धक टॉक और सेल्फ मेकअप मास्टरक्लास आयोजित की गई, जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर मुंबई की प्रख्यात लाइफ कोच और वेलनेस एक्सपर्ट लीना गुप्ता की पुस्तक 'एंकर विदइन' का भी विमोचन किया गया। यह कार्यक्रम रासा वैलनेस के 11 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य पर आयोजित किया गया। रासा वैलनेस की फाउंडर, रूपाली सेठ ने कहा कि रासा वेलनैस में हमारा संपूर्ण फोकस महिलाओं की होलिस्टिक हैल्थ और व्यक्तिगत विकास पर रहा है। रासा की 11 वर्षों की यात्रा को उन्होंने इसे वूमनहुड का उत्सव बताते हुए कहा कि यह वह समय है जब महिलाएं अपनी कहानियां साझा करने, अपने अनुभव बांटने, इन खूबसूरत पलों को संजोने और वूमनहुड को सेलिब्रेट करने के लिए एक साथ आई हैं। हर महिला की यात्रा अनूठी होती है, और इस मंच के माध्यम से हम उन्हें अपने आत्मविश्वास को बढ़ाने, नई ऊंचाइयों तक पहुंचने और अपने सशक्त रूप को पहचानने का अवसर प्रदान करते हैं। कार्यक्रम की शुरूआत, जानी-मानी वेल्थ माइंडसेट कोच मेघना वी. मल्कान द्वारा एक प्रभावशाली एम्पावरमेंट सेशन का आयोजन हुआ। इस सेशन में मेघना ने महिलाओं को धन, स्वास्थ्य और रिश्तों में वास्तविक स्वतंत्रता प्राप्त करने के व्यावहारिक उपायों और दृष्टिकोणों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि कैसे आज की महिला अपनी आंतरिक क्षमता को पहचानकर न केवल आर्थिक रूप से स्वतंत्र बन सकती है, बल्कि एक समृद्ध और संतुलित जीवन भी जी सकती हैं। वहीं, सेलिब्रिटी मेक-अप आर्टिस्ट, रवीन आनंद की सेल्फ-मेकअप मास्टरक्लास ने महिलाओं को सौंदर्यता के नए आयामों से परिचित कराया। इस सेशन में रवीन ने मेकअप हैक्स से लेकर प्रोफेशनल टेक्नीक्स तक कई उपयोगी टिप्स साझा किए, जिन्हें महिलाएं अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में भी आसानी से अपना सकती हैं। यह सेशन पूरी तरह इंटरऐक्टिव रहा, जहां प्रतिभागियों ने न केवल सीखा बल्कि खुद पर अभ्यास भी किया। रवीन के सहज संवाद और प्रैक्टिकल अप्रोच ने इस मास्टरक्लास को बेहद खास बना दिया।

## जयपुर में परशुराम जयंती पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम



### पहलगाम हमले के विरोध में लगे पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे, आतंकवाद उन्मूलन दिवस के रूप में मनाया

**जयपुर. कासं**

जयपुर के बिरला सभागार में बुधवार को भगवान परशुराम जयंती का राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर को आतंकवाद उन्मूलन दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी और विधायक बालमुकुंदाचार्य मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत में पहलगाम में हुई आतंकी घटना के विरोध में पाकिस्तान और आतंकवाद मुर्दाबाद के नारे लगाए गए। पीड़ितों के लिए मौन धारण किया गया। भगवान विष्णु के छठे अवतार परशुराम के जन्मोत्सव पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना की गई। राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी ने कहा कि भगवान परशुराम ने संपूर्ण समाज की रक्षा की थी। उन्होंने धरती पर फैले आतंक का अंत किया था। तिवाड़ी ने सनातन धर्म की रक्षा के लिए एकजुट होने का आह्वान किया। विधायक बालमुकुंदाचार्य ने भगवान परशुराम के शस्त्र और शास्त्र दोनों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण दोनों का ज्ञान रखता है और दूसरों को भी सिखाता है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी द्वारा आतंकवाद के विरुद्ध की गई कार्रवाई की सराहना की। पहलगाम की घटना के बाद देश को विश्वास है कि प्रधानमंत्री आतंकवादियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेंगे।

## एसवी पब्लिक स्कूल में इंटर स्कूल डिजाइन प्रतियोगिता

### 15 स्कूलों से 300 स्टूडेंट्स ने 'इमेजिन टुमॉरो' में दिखाई अपनी प्रतिभा

**जयपुर. कासं।** जयपुर के आदर्श नगर स्थित एसवी पब्लिक स्कूल में भारतीय कला और डिजाइन संस्थान (आईआईएडी) दिल्ली के सहयोग से 'इमेजिन टुमॉरो' इंटर स्कूल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दो दिवसीय आयोजन में 15 से अधिक स्कूलों के 300 स्टूडेंट्स ने हिस्सा लिया। बुधवार को कार्यक्रम का उद्घाटन सेंट मीरा ब्रदरहुड सोसायटी के अध्यक्ष कमल वासवानी ने किया। इस अवसर पर सोसायटी के सचिव वाशदेव थावानी, एसवी पब्लिक स्कूल के सचिव डॉ कमलेश कुमार खिलनानी और फाइनेंस सचिव रमेश गुरसहानी मौजूद रहे। आईआईएडी से विशाल, अमित देव और सुलोचना भी उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना और राजस्थानी स्वागत नृत्य से हुई। प्रतियोगिता में पांच श्रेणियां शामिल थीं। इनमें फैशन डिजाइन (त्योहार की लय), उत्पाद डिजाइन (सतत शिल्प पुनर्कल्पना), फिल्म निर्माण (स्कूल अनस्क्रिप्टेड), आंतरिक और वास्तुकला (लघु सेट डिजाइन), और 3डी दीवार कला (राजस्थान की छिपी कहानियां) मुख्य रूप से शामिल रहीं। प्रतियोगिता के पहले दिन आईआईएडी के संकाय सदस्यों ने प्रतिभागियों को प्रतियोगिता के नियमों से अवगत कराया। कार्य मास्टर्स ने सभी गतिविधियों का चरण-दर-चरण प्रदर्शन किया।

## लीनेस प्रान्त RM1 स्वयंसिद्धा द्वारा ऑल इंडिया लीनेस क्लब्स का चार्टर डे मनाया



**जयपुर. शाबाश इंडिया**। लीनेस प्रान्त RM1 स्वयंसिद्धा द्वारा ऑल इंडिया लीनेस क्लब्स का चार्टर डे समारोह पूर्वक मनाया गया। प्रांतीय अध्यक्ष स्वग्रही माओ ने बताया कि इस अवसर पर मल्टीपल चार्टर अध्यक्ष वीणा पारख, पूर्व अध्यक्ष ललिता मेहता, कुसुम सोगानी,प्रांतीय चार्टर अध्यक्ष उषा भंडारी, सचिव तृप्ति सेठ, मधु शुक्ला, राज अग्रवाल, डिम्पल जैन, सभी क्लब्स के अध्यक्ष सचिव व सदस्यों कि उपस्थिती में मनाया गया। लीनेस क्लब ड्रीम प्लेनट द्वारा संयोजित कार्यक्रम का प्रारम्भ सभी चार्टर अधिकारियो द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। सर्वप्रथम कुमारी अविका नारंग द्वारा गणेश वंदना प्रस्तुत की गई। प्रान्त की सेमिनार इंचार्ज शिवाली गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम में मंगलम मेडासिटी के डॉक्टर आशीष ऐरेन ने पैरो की समस्या व डाक्टर डाली गुप्ता ने महिलाओ की समस्याओ को दूर करने के विषय में अच्छी जानकारीयां दी.मेडिसिटी हॉस्पिटल की डायरेक्टर मैडम नेहा ने लीनेस अधिकारियो के साथ का चार्टर डे का केक काट कर सबको बधाई दी और महिलाओ को कैंसर से बचाव की विशेष जानकारी दी। पर्यावरण विद सुनीति गोयल द्वारा पर्यावरण की सुरक्षा, प्लास्टिक व पॉलिथिन द्वारा पृथ्वी व जीवो को हो रहें नुकसान, और प्रकृति को बचाने के लिए वृक्ष लगाने व अन्य तरीको की विस्तृत जानकारी दी गई ।संयोजक मंजू मित्तल अध्यक्ष नीलम जैन ने सभी का स्वागत माला व उपहारो से किया और मनोरंजक गेम्स और हाउजी खिलाई. सचिव मनदीप नारंग ने सारे कार्यक्रम का शानदार संचालन किया ।कार्यक्रम में पहलगांव में हुए नरसंहार में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि भी दी गई।

## डी कंपनी प्रीमियर लीग सीजन 3 का शानदार समापन, मड़खेड़ा टीम बनी चैंपियन



**अशोकनगर. शाबास इंडिया**

खिरिया महू में आयोजित डी कंपनी प्रीमियर लीग सीजन 3 का भव्य समापन हुआ। इस 6 दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट में कुल 24 टीमों ने हिस्सा लिया और 31 मुकाबले खेले गए। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला अत्यंत रोमांचक रहा जिसमें मड़खेड़ा टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की । समापन समारोह में मुख्य अतिथि आवरी सरपंच विजय बैरागी ने विजेता मड़खेड़ा टीम को ₹21,000 नकद राशि एवं ट्रॉफी प्रदान की। वहीं, उपविजेता डागोरा टीम को ₹11,000 नकद पुरस्कार एवं शील्ड भेंट की गई ।इस सफल आयोजन के पीछे देवेंद्र कुशवाहा, अनिल कुशवाहा, मोहर सिंह, राजीव रघुवंशी, रणजीत सिंह कुशवाहा एवं शिवकुमार शर्मा जैसे समर्पित आयोजकों की अहम भूमिका रही। उन्होंने टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों को बेहतर मंच देने के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता दिखाई। खिलाड़ियों और दर्शकों में इस टूर्नामेंट को लेकर भारी उत्साह देखा गया। आयोजन ने न सिर्फ युवाओं को खेल के प्रति प्रेरित किया, बल्कि गांव के खेल संस्कृति को भी मजबूती प्रदान की।

## आलिया भट्ट के ब्रांड 'एड-अ-माम्मा' का बेंगलुरु में पहला स्टोर लॉन्च


### रिलायंस रिटेल के साथ पार्टनरशिप में भारत में चौथा स्टोर




**बेंगलुरु. शाबाश इंडिया**। फिल्म अभिनेत्री आलिया भट्ट द्वारा प्रमोटेड, बच्चों और माताओं के लिए कपड़े और लाइफस्टाइल प्रोडक्ट बनाने वाले ब्रांड एड-अ-माम्मा ने बेंगलुरु में अपना पहला स्टैंडअलोन स्टोर खोला है। दक्षिण भारत में ब्रांड का यह पहला स्टोर है पर देश भर में इसके अब तक चार स्टोर खुल चुके हैं। रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड के साथ साझेदारी में यह स्टोर खोले गए हैं। 2023 में रिलायंस रिटेल और एड-अ-माम्मा के बीच रणनीतिक करार हुआ था। ब्रांड की संस्थापक आलिया भट्ट ने कहा, ''बेंगलुरु में 'एड-अ-माम्मा' का पहला ऑफलाइन स्टोर हमारे ब्रांड के लिए एक मील का पत्थर है। रिलायंस के साथ साझेदारी में हमने अपने ब्रांड के तहत कपड़े, किताबें, खिलौनों के संग बहुत से प्रोडक्ट शामिल किए हैं।'' बेंगलुरु स्थित मॉल ऑफ एशिया में 805 वर्ग फीट में फैले इस स्टोर को पर्यावरण के प्रति जागरूकता के साथ डिजाइन किया गया है। यहां 14 वर्ष तक के बच्चों के लिए प्लास्टिक मुक्त किड्स वियर, मातृत्व के लिए खासतौर पर डिजाइन कपड़े, खिलौने, बैग व लाइफस्टाइल से जुड़े प्रोडक्ट उपलब्ध हैं।

## जैन समाज के भामाशाह श्रावक रत्न अशोक-सुशीला पाटनी पहुंचे सुमतिधाम

### संतों के दर्शन कर लिया आशीर्वाद



**सुमतिधाम इन्दौर. शाबाश इंडिया**। किशनगढ़ निवासी जैन समाज के प्रसिद्ध भामाशाह श्रावक रत्न अशोक पाटनी - व्रती श्राविका सुशीला पाटनी ने को इन्दौर के सुमति धाम में पहुंचकर संतों के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि पाटनी दम्पति ने पट्टाचार्य महोत्सव में 450 से अधिक साधुओं के दर्शन कर पुण्य का संचय किया। आचार्य विशुद्ध सागर को नमन वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर श्रावक श्रेष्ठि अशोक पाटनी ने कहा कि सभी को देश के इतने बड़े जैन महा कुम्भ में अवश्य पधार कर पुण्य का संचय करना चाहिए। अशोक पाटनी ने मनीष- सपना गोधा को सुमतिधाम महोत्सव के इस महान आयोजन के लिए उन्हें साधुवाद देते हुए उनकी गुरु भक्ति की सराहना की। इस महान आयोजन के लिए बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि जिनके कारण 1 मंच पर 450 से अधिक दिगम्बर जैन साधुओं के दर्शन सम्पूर्ण भारत के जैन बंधुओं को उपलब्ध हो सके। वो व्यक्ति एवं परिवार बडा पुण्यशाली जीव है। इस मौके पर मनीष गोधा के साथ अजमेर निवासी परम मुनि भक्त एवं गायक सन्दीप बोहरा भी पाटनी के साथ रहे।

# दिगम्बर जैन सोशल वात्सल्य ग्रुप ने गन्ने का रस वितरण किया

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** अक्षय तृतीया को श्री दिगम्बर जैन सोशल वात्सल्य ग्रुप की तरफ से दिगम्बर जैन मंदिर महारानी फार्म गायत्री नगर के बाहर प्रातः 7 -00 बजे से 9-30 तक इक्छु (गन्ने) रस को पिलाने का कार्यक्रम रखा गया था,जसमें ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष सुरेश - राज लुहाडिया,महासचिव रेखा झांझरी,उपाध्यक्ष उषा लुहाडिया,उपाध्यक्ष अशोक कासलीवाल,कोषाध्यक्ष सुरेश जैन,संयुक्त सचिव निर्मल उषा सेठी,सांस्कृतिक सचिव प्रदीप गुड्डी पाटनी,भागचंद ,जे के जैन ,सरोज काला ,विमला जैन,के साथ प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष कैलाश छाबडा, उपाध्यक्ष अरुण शाह उपस्थित थे।इसके साथ ही समाज के लगभग 750 व्यक्तियों ने गन्ने के रस का आनंद लिया ।इस अवसर पर सुरेश राज लुहाड़िया, अनिल, बीना टोंग्या रेखा, अनिल, झाँझरी सुरेश, मीनू जैन आदि भी उपस्थित रहे।



# झरना महादेव प्रांगण में बनेगा गुर्जर समाज का शिव मंदिर

## अक्षय तृतीया पर किया गया भूमि पूजन



**रोहित जैन. शाबाश इंडिया**

आसींद । 30 अप्रैल उपखंड क्षेत्र आसींद की मोड़ का निंबाहैड़ा पंचायत मुख्यालय स्थित झरना महादेव मंदिर प्रांगण में गुर्जर समाज का नवनिर्मित शिव परिवार मंदिर निर्माण के लिए अक्षय तृतीया बुधवार दोपहर अंतर्राष्ट्रीय रामस्नेही संप्रदाय के महाराज निर्मल दास जी के मुख्य अतिथि में पूर्व राज्य मंत्री धीरज गुर्जर की अध्यक्षता में शिव परिवार नवनिर्मित मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन का आयोजन किया गया।इस अवसर पर विद्वान पंडितों ने विधि विधान मंत्रोचार के साथ नवनिर्मित शिव परिवार मंदिर के नीव के पत्थर की अतिथियों द्वारा आधारशिला रखी गई शीघ्र ही मंदिर निर्माण प्रारंभ होगा। इस मौके पर झरना महादेव कमेटी के अध्यक्ष दुर्गेश गुर्जर, कोषाध्यक्ष नारायण लाल, उपाध्यक्ष सोहनलाल गुर्जर, लाछुड़ा गांव के पूर्व सरपंच भोजाराम गुर्जर, सहित समस्त आम चोकला के गुर्जर समाज पंच पटेल मौजूद थे।

# बेजुबान परिन्दों के लिए किया नि:शुल्क परिण्डा वितरण-साज सम्हाल की दिलाई शपथ



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** सेवा के लिए समर्पित अर्हम फाउंडेशन के तत्वावधान में लगातार तीसरे वर्ष भी भीषण गर्मी को देखते हुए बेजुबान परिंदों के लिये व समाज में इस एहसास को बनाये रखने के लिए 250 परिंडों का जवाहर सर्किल स्थित पत्रिका गेट पर अक्षय तृतीया पर बुधवार को निःशुल्क वितरण किया गया। इस मौके पर परिण्डों की साज सम्हाल करने एवं रौजाना उसमें पानी भरने की शपथ भी दिलाई गई। अंजू बैराठी ने बताया कि अक्षय तृतीया दिवस पर राहगीरों को निःशुल्क इक्षु रस भी पिलाया गया। इस मौके पर संस्था की ओर से अध्यक्ष राजेंद्र जैन ने पहलगाम में हुए नरसंहार कृत्य पर सभी मृत आत्माओं की शांति के लिए श्रद्धाजंलि अर्पित करते हुए सभी आगंतुकों को संबोधित किया।इस मौके पर 2 मिनट का मौन भी रखा गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर संयोजिका चित्रा संघी, राखी गंगवाल, शालिनी काला, श्वेता जैन, अनीता ठोलिया एवं विमला पहाडियां का आभार व्यक्त किया गया।

# पिता के साए से वंचित दो बालिकाओं के विवाह में सहयोग

## जरूरतमंद विधवा महिला को संबल प्रदान किया



**रोहित जैन. शाबाश इंडिया**

**अजमेर।** बुधवार को विश्व के सबसे बड़े सेवा संगठन लायंस क्लब्स इंटरनेशनल की शाखा लायंस क्लब अजमेर आस्था द्वारा अक्षय तृतीया पर्व के अवसर पर उदयपुर जिले के बुझरा गांव की दो ऐसी बालिकाएं जिनके सिर से पिता का साया उठ गया एवं माता ने मेहनत मजदूरी करके अपनी पुत्रियों का पालन पोषण किया के विवाह में बुझरा गांव निवासी सामाजिक कार्यकर्ता गोपाल सोलंकी और समाज सेविका भगवती देवी सोलंकी से सहयोग की जिसे आज लायंस क्लब अजमेर आस्था के पूर्व सदस्य घनश्याम सोनी के संयोजन में एवं गोपाल सोलंकी भगवती देवी सोलंकी,लायन अतुल पाटनी ,लायन मधु पाटनी एवं अन्य भामाशाहों के सहयोग से विवाह एवं विवाह उपरांत गृहस्थ जीवन में काम आने वाली सामग्री जिसमें मुख्य रूप से पलंग बॉक्स वाले, बेड शीट , गद्दे , तकिया, रसोई के कार्य में आने वाले सभी प्रकार के बर्तन, कंबल, मंगल सूत्र, चांदी की पायजेब, बिछिया, अंगूठी, सोने का लांग सहित अन्य सामग्री देकर सहयोग किया गया। इस अवसर पर श्रीमती भगवती देवी सोलंकी ने लायंस क्लब आस्था के लायन अतुल मधु पाटनी एवं सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# वैष्णव समाज नसीराबाद द्वारा आयोजित सामुहिक विवाह सम्मेलन में 22 जोड़े बन्धे परिणय सूत्र में

**रोहित जैन. शाबाश इंडिया**

**नसीराबाद।** श्री वैष्णव युवा सेवा समिति नसीराबाद के तत्वावधान में तृतीय आदर्श सामुहिक विवाह सम्मेलन अक्षय तृतीया को दिलवाडी के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय के पास स्थित हनुमान मंदिर पर आयोजित किया गया। समिति अध्यक्ष रामस्वरूप वैष्णव दिलवाडी व सम्मेलन अध्यक्ष पुखराज वैष्णव सनोद ने जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार को प्रातः 8.30 बजे बरात स्वागत किया गया। इसके पश्चात देवजी मंदिर से गाजे बाजे के साथ संत श्री रामदास त्यागी, खारी का लाम्बा के सानिध्य मे सभी 22 वर वधूओ की निकाली गई। जिसमें संत महात्मा बग्गी पर व सभी वर घोड़े पर एवं वधुएं बग्गी मे बैठाकर शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा के आगे ढोल व बैण्ड बाजो पर समाज की महिलाएं युवा नाचते नजर आये ।इसके पश्चात बालाजी मंदिर के सामने सामुहिक तोरण व वरमाला की रस्म की गई। इसके पश्चात पाणिग्रहण संस्कार आचार्य पण्डित पवन दाधीच देरांठू एवं उनके साथी पण्डितो के द्वारा सम्पन्न कराया गया। दोपहर 2 बजे से अतिथि सत्कार इसके पश्चात विदाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। समिति द्वारा द्वारा वधु को सभी घरेलू जरुरत के सभी सामान उपहार के रुप में प्रदान किए गये ।कार्यक्रम के दौरान सभी भामाशाहो व अतिथियों का समिति की ओर से माला , दुपट्टा व शील्ड देकर सम्मान किया गया। आयोजित सामुहिक विवाह सम्मेलन मे संत महन्त श्री रामदास त्यागी खारी का लाम्बा, मुख्य अतिथि श्यामसुन्दर नरहरियानन्दी (हरिद्वार) अध्यक्ष राष्ट्रीय महासभा अजमेर, रामस्वरूप वैष्णव (ठेकेदार) किशनगढ़, उत्तम वैष्णव ताजपुरा अध्यक्ष राष्ट्रीय युवा महासभा अजमेर उपस्थित थे। वैवाहिक कार्यक्रम में अजमेर जिले की समस्त समाज की समितियो के अध्यक्ष व पदाधिकारियों ने भी उपस्थित प्रदान की। कार्यक्रम में समिति पदाधिकारी राधेश्याम वैष्णव दिलवाडा, कैलाश वैष्णव नान्दला, बजरंग वैष्णव बहेड़ा, सत्यनारायण वैष्णव भटियाणी, मुकेश वैष्णव, सुरेन्द्र देवमुरारी देरांठू, धर्मराज वैष्णव लोहरवाड़ा, अशोक वैष्णव दिलवाडा, चमन वैष्णव मण्डियाणी, रामदयाल वैष्णव लीडी, राधेश्याम वैष्णव श्री नगर, मुकेश वैष्णव बडला, सियाराम वैष्णव बहेड़ा, रामावतार वैष्णव मण्डियाणी, धर्मराज वैष्णव, राजू वैष्णव दिलवाडी, धर्मराज, सत्यनारायण, रामकुंवार, राजू वैष्णव दिलवाड़ा का विशेष सहयोग रहा है।



## वेद ज्ञान

### इंसान और समस्या

हमने लोगों को जीवन में आने वाली समस्याओं से अक्सर यह कहकर जूझते देखा है कि वे जल्दी से जल्दी सभी समस्याओं से मुक्त होकर जीना चाहते हैं। समस्याओं से संघर्ष की यह आशावादी दास्तान है तो ठीक, क्योंकि एक तो यह लड़ने का हौसला बनाए रखती है और दूसरे यह इंसान को समस्यामुक्त भविष्य के सपने देखने देती है। इस दृष्टिकोण के चलते इंसान जीवन में न तो थकता है और न ही हार मानता है, वह हर समस्या को अंतिम मानकर पूरी शिद्दत से लड़ रहा होता है। एक दूसरा नजरिया भी है जो मानकर चलता है कि जब तक जीवन है तब तक समस्या और संघर्ष हैं, इसलिए ऐसी कल्पना करना ही अव्यवहारिक है कि एक न एक दिन इंसानी जीवन परेशानियों से पूर्णतः मुक्त हो जाएगा। जीवन में समस्याओं को इंसानी शरीर से तुलना करके समझा जा सकता है। इंसान के शरीर में कुछ न कुछ अप्रिय हर समय घट रहा होता है। ऐसा शायद ही कोई समय हो, जब इंसान के शरीर में कोई व्याधि न हो। किसी न किसी प्रकार की छोटी या बड़ी व्याधि इंसानी शरीर में होना आम बात है। व्याधियों से जूझते इंसान के मन में यह आना स्वाभाविक होता है कि अमुक व्याधि आखिरी है और इसके बाद शरीर पूरी तरह व्याधिरहित हो जाएगा। ऐसी भावना इंसान का हौसला तो बढ़ाती है, लेकिन एक के बाद दूसरी व्याधि या समस्या के आने से उसे झटका भी देती है, जो कि सिर्फ हमारी समझ के कारण होता है। हम जीवन में यह समझ कर चल रहे होते हैं कि आखिरकार एक समय व्याधि या समस्यारहित आएगा, जो कि आता नहीं है। यह तो इंसान का हौसला बनाए रखने का एक सांसरिक तरीका भर है। इसलिए इंसान को अपने दिल और दिमाग में यह बैठाकर रखना चाहिए कि व्याधियों और समस्याओं का आवागमन जीवन भर चलता रहेगा, उसे तो बस उनसे जूझने की इच्छाशक्ति दृढ़ रखने की जरूरत है। अब जब इंसान मानसिक तौर पर तैयार होकर बैठ ही गया है किसी भी व्याधि या समस्या से निपटने के लिए तो एक तो उसे नई समस्या या व्याधि के आने से कोई झटका नहीं लगेगा और दूसरे हो सकता है कि उसकी इस आत्मविश्वास रूपी तैयारी के चलते कोई परेशानी उसके जीवन में आए ही नहीं, जैसे कि चोर संतरी को मुस्तैद देखकर उस घर में घुसने की हिमाकत ही न करे।

## संपादकीय

# गोलीबारी से उकसावे की चाल

पहलगाम हमले के बाद जिस तरह भारत में आक्रोश है और सरकार पर कोई बड़ी कार्रवाई करने का जन-दबाव बन रहा है, उसे देखते हुए पाकिस्तान में घबराहट है। उसने घटना के बाद सीमा पर हवाई गश्ती और चौकियों पर सैनिक दस्ते बढ़ा दिए। हालांकि वह लगातार कह रहा है कि उस हमले में उसका कोई हाथ नहीं था, उसकी जांच की पेशकश भी कर रहा है, पर वहां की सेना जिस तरह बार-बार संघर्ष विराम का उल्लंघन कर रही है, उससे जाहिर है कि वह भारतीय सैनिकों को उकसाने की कोशिश कर रही है। पहलगाम हमले के बाद से वह चार बार गोलीबारी कर चुकी है। हालांकि आमतौर पर छोटे हथियारों से गोलीबारी की जाती है, तो उसका यही मतलब होता है कि दुश्मन देश सीमा पर अपने सैनिकों की मुस्तैदी का संकेत दे रहा है।



बताने का प्रयास कर रहा है कि वह किसी भी तरह की चुनौती से निपटने को तैयार है। मगर पाकिस्तानी सेना साजिशन ऐसा करती है। अक्सर वह अपने प्रशिक्षित आतंकवादियों को भारतीय सीमा में घुसपैठ कराने के मकसद से इस तरह गोलीबारी करती है। इस तरह वह अनेक बार संघर्ष विराम समझौते का उल्लंघन कर चुकी है। पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तानी सेना की गोलीबारी से यह शक गहरा होता है कि उसकी साजिश में कहीं न कहीं उसका हाथ है। यह छिपी बात भी नहीं है कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को बढ़ावा देने में मुख्य रूप से पाकिस्तानी सेना और वहां की खुफिया एजंसी का हाथ है। इसके अनेक प्रमाण मौजूद हैं। भारत सरकार अनेक आतंकी हमलों से जुड़े प्रमाण पाकिस्तान सरकार और अंतरराष्ट्रीय समुदाय को सौंप चुकी है। मगर पाकिस्तान हर दस्तावेज को सिरे से खारिज करता रहा है। वह खुद दहशतगर्दी के गहरे जख्म झेल चुका है, पर इस पर नकेल इसलिए नहीं कस पाता कि वहां निर्णय करने का कोई व्यवस्थित तंत्र नहीं है। वहां की सेना ने सियासी हुकूमत के ऊपर अपना वर्चस्व बना लिया है। इसलिए सरकार के स्तर पर लिया गया कोई भी निर्णय सेना अपनी मर्जी से स्वीकार या अस्वीकार करती है। दरअसल, आतंकवाद को वहां की सेना ने अपना हथियार बना लिया है और उसका इस्तेमाल वह मुख्य रूप से भारत के खिलाफ करती रही है। ऐसा लगता है कि इसी से उसका वजूद बचा और बना हुआ है। वह भारत के खिलाफ आतंकी गतिविधियां चला कर उकसाने और सीमा पर तनाव बनाए रख कर पाकिस्तानी अवाम को बरगलाने में कामयाब होती रही है। आतंकवाद और भारत के साथ तनावपूर्ण रिश्ते पाकिस्तान सरकार को भी रास आते हैं। इस तरह वह बुनियादी समस्याओं की तरफ से वहां के लोगों का ध्यान भटकाने में कामयाब हो जाती है। पाकिस्तान पूरी तरह से विफल राष्ट्र है। उसकी माली हालत निहायत खस्ता हो चुकी है। शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं दुर्दशा झेल रही हैं। लोगों को दो जून की रोटी के लिए भी संघर्ष करना पड़ रहा है। उधर बलूचिस्तान के विद्रोही संगठन रोज उसे गंभीर चुनौती पेश कर रहे हैं। **-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# स्वस्थ उम्रदराज जनसंख्या के लाभ!

अक्सर उम्रदराज होते समाजों को धीमी वृद्धि और बढ़ते राजकोषीय दबाव के साथ जोड़ा जाता है लेकिन अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के ताजा विश्व आर्थिक दृष्टिकोण (डब्ल्यूईओ) को देखें तो एक ऐसा नजरिया सामने आता है जो स्वस्थ ढंग से उम्रदराज होती जनसंख्या के संभावित आर्थिक लाभांशों को सामने लाता है। वैश्विक स्तर पर बढ़ती उम्र के लोगों के साथ एक ऐसा कथानक जुड़ा हुआ है जो बढ़ती स्वास्थ्य सेवा कीमतों और पेंशन देनदारियों से संबंधित राजकोषीय निहितार्थों के इर्दगिर्द घूमता है। भारत भी इसका अपवाद नहीं है। डब्ल्यूईओ के अनुमानों में उल्लिखित अध्ययन बताता है कि 2025 से 2050 के बीच देश के सकल घरेलू उत्पाद में होने वाली वृद्धि में उम्रदराज लोगों के कारण 0.7 फीसदी की कमी हो सकती है। सदी के उत्तरार्द्ध में जैसे-जैसे भारत जनांकिकी परिवर्तन बिंदु को पार करेगा, यह गिरावट बढ़ेगी। बहरहाल, स्वस्थ ढंग से उम्रदराज होने में एक उम्मीद की किरण भी छिपी है। अध्ययन बताता है कि हाल के वर्षों में बुजुर्ग होने वाले लोग अपने पुराने समकक्षों की तुलना में शारीरिक रूप से मजबूत और संज्ञानात्मक रूप से बेहतर हैं। उभरती बाजार अर्थव्यवस्था वाले देशों समेत 41 देशों में किया गया अध्ययन बताता है कि 2022 में 70 वर्ष के व्यक्ति में औसतन उतनी ही संज्ञानात्मक क्षमता थी जितनी कि 2000 में 53 वर्ष के व्यक्ति में रहती थी। यह सकारात्मक रुझान काम करने की अवधि बढ़ा सकता है, उत्पादकता में इजाफा कर सकता है और इस प्रकार आर्थिक वृद्धि में योगदान कर सकता है। वास्तव में कुछ विपरीत तथ्यात्मक आकलन से तो यह पता चलता है कि आबादी के बेहतर ढंग से उम्रदराज होने के कारण श्रम की आपूर्ति और मानव संसाधन में जो सुधार होगा वह 2050 तक वैश्विक जीडीपी में सालाना 0.4 फीसदी का योगदान कर सकता है। भारत में यह सालाना उत्पादन में 0.6 फीसदी की वृद्धि कर सकता है जिससे उम्रदराज होने का असर काफी हद तक सीमित हो सकेगा। इस बीच अमीर देशों में लंबी आयु प्रदान करने से संबंधित क्लीनिक एक सांस्कृतिक बदलाव को रेखांकित कर रहे हैं। अब उम्रदराज होने की प्रक्रिया को उलटने की कोशिशें तेज हो रही हैं। सिलिकन वैली के कई अधिकारी और स्वास्थ्य को लेकर काम करने वाले इन्फ्लुएंसर लोगों के लिए व्यक्तिगत रूप से विकसित स्वास्थ्य मानकों, प्लाज्मा ट्रांसफ्यूजन में निवेश और सेल्युलर रिप्रोग्रामिंग की वकालत कर रहे हैं। ये रुझान विवादास्पद हैं लेकिन ये सक्रिय स्वास्थ्य प्रबंधन को लेकर लोगों की बढ़ती भूख को दर्शाते हैं। स्वास्थ्य के क्षेत्र में निवेश, उम्रदराज कर्मियों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाना, लैंगिक भेद को कम करना और तकनीक की मदद ना जनांकिकी संबंधी बदलाव में प्रभावी ढंग से मददगार साबित हो सकता है। 65 वर्ष से अधिक आयु के लोगों की श्रम शक्ति भागीदारी बढ़ाने पर भी विचार किया जा सकता है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि भारत को श्रम शक्ति भागीदारी में लैंगिक अंतर को पाटना चाहिए। यह सही है कि देश की श्रम शक्ति में महिलाओं की भागीदारी की दर 2017-18 के 23.2 फीसदी से बढ़कर 2023- 24 में 41.7 फीसदी हो गई। इसके बावजूद यह पुरुषों की 77.2 फीसदी की श्रम भागीदारी दर से काफी कम है। यह 50 फीसदी की वैश्विक महिला भागीदारी से भी कम है। पेंशन सुधारों की भी उम्रदराज होती आबादी की मदद में अहम भूमिका है। न्यू पेंशन सिस्टम को अपनाना हाल के दशकों में देश के सबसे बड़े सुधारों में से एक है। **-राकेश जैन गोदिका**

# अक्षय तृतीया पर जैन समाज द्वारा किए गए सेवा कार्य

**कुचामन सिटी. शाबाश इंडिया**




किसी जीव को जीवन जीने का साधन देना ही सबसे बडा जीवन दान है। अक्षय का मत जिसका क्षय (नाश) नही होता है इसी लिए इस दिन शुभ कार्य का शुरूआत की जाती है। युग प्रवर्तक देवाधिदेव श्री 1008 भगवान आदिनाथ को एक वर्ष 39, दिवस उपवास के पश्चात प्रथम आहार राजा श्रेयांस के यहा होने से दान देने की प्रथा की शुरूआत अक्षय तृतीया दान दिवस के रुप प्रारंभ हुए थी। इसलिए इस दिन का सभी घर्मौं बडा महत्व है 30अप्रैल को जैन समाज दारा श्री जैन वीर मंडल कुचामन सिटी के तत्वावधान मे उप सचिव अशोक ममता झाझरी पवनकुमार गोधा अशोक कुमार अजमेरा के सानिध्य मे अक्षय तृतीया दान दिवस पर गौमाता, बेजुबान पक्षियौ, मानव दिव्यांग सेवा मे अक्षय तृतीया दान दिवस पर कुचामन गौशाला, शाकम्भरी गौशाला, समरिया सागर गौशाला, मे सुबह 7 बजे से 9 बजे तक हरा-चारा गुड पानी के टेकर डलवाकर जीवदया सेवा की गए, अन्नपुर्णा रसौई मे सुबह सायंकाल मिठाई खिलाकर 200 जरुमदमद को भोजन करवाया गया, लाचार बिमार असहाय जन का आवास अपना घर मे सभी 73 प्रभुजी, को मिठाई के साथ अल्पाहार दोनों समय का भोजन, मूक बाघिर नेत्रहीन आवासीय सम्पर्क संस्थान के 30 बालक वालिकाओ को दोनो समय का भोजन करावया गया। बेजुबान पक्षियो के लिए ज्वार दाना खिलाकर व परिन्डे लगाकर अक्षय तृतीया दान दिवस मनाया गया। आयोजन मे सहयोग कृता श्रावक श्रेष्टी स्व शान्ति देवी स्व श्री घर्मचन्दजी छाबडा की सुपुत्रिया परिवार, श्रीमती किरण प्रकाश चन्द, श्रीमती ममता नवीन कुमार, श्रीमती मोनिका सोनु काला परिवार सीकर अगुल (उडीसा), नदकेशोर देवी धर्म पत्नी स्व श्री स्वरुप चन्दजी पाडयां परिवार श्रीमती मैना देवी कमल कुमार पहाडिया परिवार ममता पकजं की शादी वर्षगांठ पर स्व धर्मचन्दजी जिनेश कुमार रमेशकुमार काला डिमापुर परिवार रुपवन्ती देवी नथमलजी गगंवाल परिवार कुचामन अक्षय तृतीया सेवा कार्य मे महिला, युवा संगठनो के पदाधिकारियो सदस्यो के सहयोग से बडे उतसाह से दान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम सुरेश जैन, अशोक गोघा, तेजकुमार बड़जात्या, कमल दादा अजित, ममता-पंकज, स्वाति सैयांश पहाडिया, कपूर चंद जैन. राहुल, पारस झाझरी, शुभम काला, अकित-नीता, रम्यक पाडंया, नदकिशोर बिडला, रवि भार्गव ने सेवा कार्यो मे सहयोग किया।

# कमला नगर जैन मंदिर में मनाया अक्षय तृतीया महापर्व



**आगरा. शाबाश इंडिया**

श्री आदिनाथ भगवान के प्रथम पारणां दिवस के उपलक्ष्य में 30 अप्रैल को कमला नगर स्थित श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर में कमला नगर महिला मंडल द्वारा अक्षय तृतीया महापर्व बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया।इस अवसर ईशु जैन पीएनसी, पंकज जैन,शशि जैन के सहयोग से गन्ने के रस की प्याऊ लगाई गईजिसमें उपस्थित सभी भक्तों को गन्ने के रस का वितरण किया गया।इस अवसर पर रश्मि जैन गोयल,मंत्री, उषा जैन,शशि जैन पुष्प जैन,बीना जैन,सुवीणा जैन रईस,माधुरी जैन, मीना जैन,ज्योति जैन,सुनीता जैन, सोमवती जैन अरुणा जैन समस्त महिला मंडल मौजूद रही।

पुण्यतिथि 01 मई

हार्दिक श्रद्धांजलि







आदरणीय फूफाजी स्व. श्री लल्लूलाल जी गोदिका
एवं बुआजी स्व. श्रीमती श्यामा देवी गोदिका की पुण्यस्मृति में श्रृद्धासुमन

श्रद्धावनत :- अश्विनी-मधु जैन, नेमी सागर कॉलोनी, जयपुर

# भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव पर पूजा अर्चना कार्यक्रम आयोजित



**नरेश सिगची. शाबाश इंडिया**

रावतसर। अक्षय तृतीया को स्थानीय ब्राह्मण धर्मशाला रावतसर में सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव पर पूजा अर्चना का कार्यक्रम रखा गया। इस दौरान शंभुदयाल शास्त्री और दिनेश शास्त्री द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार द्वारा भगवान परशुराम जी की प्रतिमा को पंचामृत अभिषेक करवाकर विशेष पूजा अर्चना की गई और प्रसाद का भोग लगाया गया। इस दौरान सभी विप्रबंधुओं ने क्षेत्र की सुख समृद्धि और खुशहाली की मंगल कामना की। ज्ञात रहे कि इससे पहले 27 अप्रैल को ब्राह्मण समाज द्वारा जन्मोत्सव के उपलक्ष में शोभायात्रा निकाली साथ ही प्रतिभा सम्मान समारोह और स्वरुचि भोज का आयोजन किया गया था इस कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष भजन लाल पंचारिया, गौरीशंकर वत्स,सीताराम पारीक,खीयाराम जोशी, बंशीधर पारीक, समिति कोषाध्यक्ष अरविंद जोशी, राकेश शास्त्री,राजेंद्र दायमा, राहुल शर्मा, जेईएन भूपेंद्र जोशी,सुशील शर्मा,धर्मेंद्र शर्मा,ताराचंद पारीक, अनिल उपाध्याय,डॉ योगेश शर्मा, दलीप पंचारिया,भरत जाजड़ा, कार्तिक उपाध्याय,रितेश, कन्हैया शर्मा आदि मौजूद रहे।

# जैन सोशल ग्रुप महानगर द्वारा स्किल डेवलपमेंट मिशन की शुरूआत




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** नॉर्दन रीजन के तत्वाधान में जैन सोशल ग्रुप महानगर द्वारा एक सशक्त सामाजिक पहल स्किल डेवलपमेंट मिशन की शुरूआत की गयी जिसका उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं हुनरमंद बनाना है। महानगर ग्रुप के अध्यक्ष सुशील कासलीवाल और सचिव विनीत जैन ने बताया कि अभियान की शुरूआत महावीर शिक्षा परिषद् के अध्यक्ष उमरावमल संघी और नॉर्दन रीजन के चेयरमैन राजीव पाटनी द्वारा पोस्टर विमोचन के साथ हुई। मुख्य संयोजक डॉ राजीव - अंजू जैन ने बताया कि क्रिएचर फाउंडेशन के सहयोग से संचालित इस मिशन के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने हेतु निःशुल्क सिलाई, हैंडीक्राफ्ट्स, ब्यूटी पार्लर एवं कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम किए जाएंगे। संयोजक स्वाति-नरेंद्र और अनुज- कीर्ति के अनुसार इस पहल से महिलाएं ना केवल नए कौशल सीखेंगी, बल्कि समाज में आत्मसम्मान के साथ अपनी पहचान भी बना सकेंगी। इस अवसर पर क्रिएचर फाउंडेशन के कुलदीप सिंह ढिल्लों नॉर्दन रीजन सचिव रविंद्र बिलाला, महानगर पूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र गादिया,उपाध्यक्ष सुनील गंगवाल, सहसचिव पंकज जैन, पी आर ओ विनीत जैन,एव कार्यकारिणी सदस्य मनोज जैन, राजकुमार जैन, सुनील जैन, पवन जैन एवं बड़ी संख्या में सदस्य मौजूद रहे।

## रामगंजमंडी में अक्षय तृतीया पर्व पर संगिनी समूह एवम श्री वीर जैन सोशल ग्रुप द्वारा गन्ना रस (इक्षु रस) का वितरण किया




**रामगंजमंडी. शाबाश इंडिया।** अक्षय तृतीया का पर्व रामगंज मंडी नगर में भक्ति उल्लास के साथ मनाया गया जैन दर्शन में अक्षय तृतीया का विशेष महत्व है इस दिन से ही दान की परंपरा शुरू हुई थी एवं भगवान आदिनाथ को एक वर्ष के बाद आहार प्राप्त हुआ था इसीलिए इसे अक्षय तृतीया के रूप में मनाया जाता है। सर्वप्रथम प्रभु आदिनाथ भगवान का गुणगान किया गया एवं भक्ति की गई इसी के साथ संगिनी ग्रुप द्वारा लाये गए शुद्ध इक्षु रस से श्री आदिनाथ भगवान की शांतिधारा की गई। इसी कड़ी में दो स्थानों पर गन्ना रस (इक्षु रस) का वितरण किया गया जिसमें श्वेतांबर दिगंबर जैन मंदिर के बाहर संगिनी समूह द्वारा वितरण किया गया एवं इसमें महिला शक्ति ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया सभी के द्वारा इस कार्य की सराहना की गई। वही बाजार नंबर एक स्थित महावीर दिगंबर जैन मंदिर के बाहर श्री वीर जैन सोशल ग्रुप रामगंजमंडी के द्वारा भी गन्ना रस (इक्षु रस) का वितरण किया गया। दोनों स्थानों पर उत्साह भरपूर था। इस अवसर पर महावीर दिगंबर जैन मंदिर की ओर से नगर पालिका अध्यक्ष बनने पर श्री अखिलेश मेडतवाल का अभिनंदन एवम स्वागत किया गया महावीर दिगंबर जैन मंदिर की ओर से महामंत्री पदम सुरलाया, सुरेश कुमार बाबरिया, करुणेश जैन महेश ठोरा, अशोक बाबरिया आदि ने उनका शाल माला आदि के द्वारा स्वागत किया इसी के साथ श्री वीर जैन सोशल ग्रुप रामगंज मंडी के द्वारा भी उनका स्वागत किया गया। स्वागत अभिनंदन समारोह के बाद उद्बोधन देते हुए पालिका अध्यक्ष ने समाज का आभार एवं धन्यवाद जताया और कहा कि मैं कार्य करने के प्रति सजग रहूंगा इसी के साथ उन्होंने कहा कि मेरा उद्देश्य रामगंज मंडी को स्वच्छ एवं पारदर्शी बनाना है एवं मेरे द्वारा रामगंज मंडी के विकास में कोई कमी नहीं आएगी कोई भी कार्य के लिए मुझे याद करें। **-अभिषेक जैन लुहाड़िया रामगंजमंडी**


## पुण्यतिथि 1 मई

# हार्दिक श्रद्धांजलि




## स्व. श्री लल्लूलाल जी गोदिका
## स्व. श्रीमती श्यामा देवी गोदिका

परिवार आपका मंदिर था, वात्सल्य आप की शक्ति।
श्रम रहा कर्तव्य आपका, निस्वार्थ आप की भक्ति॥
जीवन दर्शन आप पूज्य से, सीख अनुसरण करते।
भावविव्हल करबद्ध आपको, सादर नमन हैं करते॥

-: श्रद्धावनत :-

बाबूलाल-सुमन, उषा (भ्राता-वधू)
राजेश-अंजना, दिनेश-मीतू, राकेश-समता (पुत्र-वधू)
राज-सन्तोष गंगवाल (पुत्री-दामाद)
रजनेश, प्रदीप, संदीप, सुधीर, सुदेश (भतीजे)
अर्पित-सुरभि, आदित्य-स्तुति, सक्षम-आरुषी, पृथ्वी (पौत्र-वधू)
श्रुति-अखिल पाण्ड्या, रचिता-सिद्धार्थ खूंटेटा, स्मृति-संयम बिलाला (पौत्री-दामाद)
सृष्टि-वरुण झांझरी (दोहिती-दामाद) शुभम-रिया गंगवाल (दोहिता-वधू)
विवान, इवान, अरू, दिवि, इविका
एवं समस्त गोदिका परिवार

# जैन मंदिर में मनाया अक्षत तृतीया का पर्व

## जैन धर्म में अक्षय तृतीया का महत्व, इसी दिन प्रथम जैन तीर्थंकर ऋषभदेव ने इक्षु रस से तोड़ा उपवास



**सीकर. शाबाश इंडिया**

जैन धर्म में अक्षय तृतीया का महत्व है। जैन धर्म की मान्यताओं के अनुसार भगवान आदिनाथ ने सबसे पहले समाज में दान के महत्व को समझाया था। जैन धर्म की मान्यता के अनुसार भगवान आदिनाथ ने इस दुनिया को असि-मसि -कृषि के बारे बताया था। इसे आसान भाषा में समझें तो असि अर्थात तलवार चलाना, मषि अर्थात स्याही से लिखना, कृषि अर्थात खेती करना होता है। भगवान आदिनाथ ने ही लोगों को इन विद्याओं के बारे में समझाया और जीवन यापन के लिए इन्हें सीखने का उपदेश दिया। कहते हैं कि भगवान आदिनाथ ने ही सबसे पहले अपनी बेटियों को पढ़ाकर जीवन में शिक्षा का महत्व बताया था। प्रियंक गंगवाल ने बताया कि जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव ने दीक्षा के समय 6 मास का उपवास किया था। उपवासोपरांत उन्होंने आहार के लिए विहार किया। लेकिन उन्हें 7 माह 9 दिन तक आहार प्राप्त नहीं हुआ। क्योंकि दान विधि किसी को पता नहीं थी। एक दिन भगवान ऋषभदेव को देखकर हस्तिनापुर के राजा श्रेयांश को अपने पूर्व भव का स्मरण होने से दान विधि मालूम हुई। उन्होंने भगवान को प्रथम बार विधिवत पड़गाहन कर इक्षु अर्थात गन्ने का रस का आहार दिया। सीकर में 11 जैन मंदिरों में से सांवली रोड और नवलगढ़ रोड स्थित आदिनाथ मूलनायक दो जैन मंदिर और तबेला रोड स्थित एक चेताल्य है। साँवली रोड सेठी कालोनी स्थित आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर मुलनायक आदिनाथ भगवान के अभिषेक कर विशेष शांति धारा की गई इस दौरान धर्म प्रेमी उपस्थित थे उस दिन वैशाख शुक्ल तृतीया थी। इसी दिन से जैन धर्मावलंबी अक्षय तृतीया को दान पर्व के रूप में मनाते आ रहे हैं। साथ ही तबेला स्थित दिगंबर जैन आदिनाथ चेताल्य के बाहर गन्ने का रस पिलाया गया ।

# दिगंबर जैन सोशल ग्रुप नवकार द्वारा अक्षय तृतीया महापर्व पर इक्षु रस वितरण किया गया



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** दिगंबर जैन सोशल ग्रुप नवकार द्वारा अक्षय तृतीया महापर्व पर इक्षु रस वितरण किया गया। अध्यक्ष, मोहनलाल गंगवाल द्वारा अवगत कराया गया कि दिनांकः 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया महापर्व के उपलक्ष्य में वरुण पथ मन्दिर में भगवान आदिनाथ का इक्षु रस से अभिषेक एवं शांतिधारा करवाई गई। जैन धर्म के प्रवर्तक एवं प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव का मुनि के रूप में मुनि आदिकुमार के प्रथम पारणा दिवस के उपलक्ष्य 1000 गिलास इक्षु रस (गन्ने के रस) का वितरण किया गया। ग्रुप संरक्षक, इंद्रप्रभ जैन, डॉक्टर सुनील जैन का सम्मान किया गया इनके द्वारा कार्यक्रम में आर्थिक सहयोग भी किया गया। एम पी जैन अध्यक्ष, वरुण पथ मन्दिर द्वारा उपरोक्त आयोजन की व्यवस्था में पूरा सहयोग प्रदान किया गया। अध्यक्ष, मोहनलाल गंगवाल द्वारा सभी सहयोगकर्ता सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर गन्ने के रस का वितरण किया



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री केसरिया पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन महिला मंडल, केसर चौराहा, मुहाना मंडी के द्वारा अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर सभी समाजजनों को गन्ने का रस पिलाया गया और इस पर्व को धूमधाम से मनाया गया। महिला मण्डल की अध्यक्ष श्रीमती उषा जैन ने बताया कि राजा श्रेयांस के द्वारा जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ जी के प्रथम आहार आज ही के पावन दिन अक्षय तृतीया पर दिया गया था जिसे हम सभी जैन दान दिवस के रूप मे मनाते हैं। महिला मंडल की मंत्री सीमा जैन, कोषाध्यक्ष कविता जैन एवं कार्यकारिणी सदस्य रंजना पाटनी ने बताया कि इस पावन पर्व पर सर्व समाज के सभी बंधुओ ने महिला मंडल द्वारा आयोजित गन्ने के रस को पिया ओर इसे एक अच्छी पहल बताया।



## अक्षय तृतीया पर दिगम्बर धर्मावलम्बियों ने श्री भक्तामर विधानअनुष्ठान का किया आयोजन



मनोज सोनी. शाबाश इंडिया

निम्बाहेड़ा। यहाँ बुधवार को अक्षय तृतीया पर दिगम्बर जैन धर्मवलम्बीयो ने श्री भक्तामर विधान महापूजा कर विविध धार्मिक आयोजन किये। समाज के प्रवक्ता मनोज सोनी के अनुसार सरावगी गली स्थित श्री आदिनाथ दिगंबर जैन जिनालय मे बुधवार प्रातः श्री जिन प्रतिमा के महा कलशाभिषेक कर शांति धारा सम्पन्न कर श्री भक्तामर विधान पूजा अनुष्ठान का आयोजन किया गया जिसमे श्रद्धांलुओं ने भक्तामर के 48 मंत्रो के साथ दीप प्रज्वलित कर बारी बारी से सामूहिक अर्घ्य भगवान वेदी के समक्ष श्रद्धांपूर्वक विसर्जित किये। तत्पश्चात पुरे दिवस धर्मवलम्बीयो ने धार्मिक आराधना कर संध्या बेला मे आदिप्रभु के समक्ष दीपदान कर भक्तामर के पथ कर भक्ति की। इस अवसर पर बड़ी संख्या मे समाज जनो ने भाग लिया।

## सिक्किम प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के कुलसचिव प्रो. (डॉ.) रमेश कुमार रावत 'किशनगढ़-रेनवाल रत्न' से अलंकरण से सम्मानित




जयपुर. शाबाश इंडिया। सिक्किम प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के कुलसचिव प्रो. (डॉ.) रमेश कुमार रावत को ''किशनगढ़-रेनवाल रत्न'' से अलंकरण से सम्मानित किया गया। प्रो. (डॉ.) रमेश कुमार रावत को यह सम्मान जयपुर के शास्त्री नगर मे अखिल भारतीय खंडेलवाल वेश्य महासभा भवन के एआरजी सभागार मे अखिल भारतीय किशनगढ़-रेनवाल प्रवासी मंडल, जयपुर की ओर से आयोजित महाअधिवेशन के एक भव्य समारोह मे दिया गया। समारोह मे प्रो. (डॉ.) रमेश कुमार रावत को किशनगढ़-रेनवाल रत्न मंडल के अध्यक्ष विश्वनाथ मारू, कार्यकारी अध्यक्ष श्याम सोनी, महासचिव ज्योति प्रकाश भातरा, वरीष्ठ उपाध्यक्ष पदम चंद बिलाला,कोषाध्यक्ष सीताराम जाखोटीया, मंडल के संरक्षक एवं अखिल भारतीय खंडेलवाल महासभा की पत्रिका के मुख्य संपादक राम निरंजन खूंटेटा सहित मंडल के अन्य पदाधिकारियों ने दिया ! इस अवसर पर मंडल के पदाधिकारियों ने सिक्किम प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के कुलसचिव प्रो. (डॉ.) रमेश कुमार रावत को माला पहनाकर, दुपट्टा एवं शाल ओढ़ाकर किशनगढ़-रेनवाल रत्न प्रदान किया। इस अवसर पर मंडल की डायरेक्टरी का विमोचन अतिथियों ने किया।

## जे एस जी अनंता ने अपने उमंग कार्यक्रम में घोषित की नई कार्यकारिणी



उदयपुर. शाबाश इंडिया। गत रविवार को जे एस जी अनंता ने सत्र 2025-27 का प्रथम भव्य कार्यक्रम उमंग रस्म रिसोर्ट में आयोजित किया जिसकी शुरूआत 22 अप्रैल को पहलगाव में हुवे निर्दोष व्यक्तियों के नरसंहार को श्रद्धांजलि नवकार मंत्र स्मरण करके की। निवर्तमान अध्यक्षा डॉ शिल्पा नाहर ने सूचित किया कि विभिन्न प्रकार के खेल कूद से सजे इस कार्यक्रम में संस्थापक अध्यक्ष मोहन बोहरा ने नव कार्यकारिणी की घोषणा की जिसमें अध्यक्ष विनोद चपलोत, उपाध्यक्ष महेश नाहर, सचिव अरुण कटारिया,सह-सचिन ललित कच्छारा तथा कोषाध्यक्ष सुन्दर तलेटीया नामांकित हुवे। सचिव अरुण कटारिया ने बताया कि हर्ष उल्लास से परिपूर्ण इस कार्यक्रम में पुल खेल, हॉउजी गेम व अन्य कई गेम रहे जिसका दायित्व विभिन्न सदस्यों को दिया गया। इस कार्यक्रम में प्रदीप बाबेल,गजेंद्र जोधावत, राकेश भाणावत, विनोद पगारिया, अरुण खमेसरा, दिलीप बाबेल, हनुमंत नानावटी, यशवन्त बाफना, रमेश शाह, सुनील जैन लोकेश तलेसरा आदि उपस्थित थे।


## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादक: राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com | weeklyshabaas@gmail.com



JSG
जैन सोश्यल ग्रुप नॉर्थ जयपुर

श्री अजय जी-श्रीमती रितु जी
ग्रुप सचिव जैन सोशल ग्रुप नॉर्थ जयपुर

1 मई '25



की वैवाहिक वर्षगांठ पर
हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं

शुभेच्छु

**अध्यक्ष:** सुनील सोगानी, **आई पी पी:** राहुल जैन
**संस्थापक अध्यक्ष:** मनीष झांझरी
**पूर्व अध्यक्ष:** अभय गंगवाल, **पूर्व अध्यक्ष:** संजय जैन
**उपाध्यक्ष:** सुकेश काला, **सचिव:** अजय जैन
**संयुक्त सचिव:** विजय जैन, **कोषाध्यक्ष:** संजय गौधा

एवं समस्त कार्यकारिणी सदस्य जैन सोशल ग्रुप नॉर्थ, जयपुर

# ग्रामीण शिक्षा को सशक्त बनाने को सदैव कृत संकल्पित रहेंगे: उमराव सिंह





## अखिल राजस्थान पत्रकार सम्मेलन में शिक्षा के विकास पर हुई सार्थक चर्चा

**उदयपुर/मंगलवाड़. शाबाश इंडिया**

अखिल राजस्थान पत्रकार सम्मेलन का आयोजन यू.एस. ओस्तवाल एजुकेशन सोसायटी की ओर से मंगलवाड़ में किया गया। मुख्य अतिथि ओस्तवाल ग्रुप चेयरमैन उमराव सिंह ओस्तवाल और मुख्य वक्ता महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर के पूर्व कुलपति प्रो. रूपसिंह बारेठ थे। सम्मेलन में शिक्षा की वर्तमान स्थिति, ग्रामीण अंचल में उच्च शिक्षा की चुनौतियां, पाठ्यक्रमों की स्वीकृति में आ रही बाधाएं और पत्रकारों के सामाजिक उत्तरदायित्व जैसे विषयों पर चर्चा हुई। मुख्य वक्ता प्रो. रूप सिंह बारेठ ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में उच्च शिक्षा का विकास तभी संभव है जब वहां पर्याप्त संसाधन, प्रशिक्षित शिक्षक और वित्तीय सहयोग उपलब्ध हो। उन्होंने कहा कि शिक्षा न केवल व्यक्ति के व्यक्तित्व निर्माण में सहायक है, बल्कि राष्ट्र निर्माण की नींव भी है। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में समान अवसर उपलब्ध कराने और तकनीकी पाठ्यक्रमों को बढ़ावा देने पर बल दिया। इसी कड़ी में उमराव सिंह ओस्तवाल ने समाजसेवी संस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि जो संस्थाएं शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रही हैं, उन्हें सरकारी स्तर पर पूर्ण सहयोग मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि नए पाठ्यक्रमों को आरंभ करने में अनावश्यक अड़चनें नहीं आनी चाहिए और इसके लिए नीतिगत सुधार जरूरी हैं। उन्होंने देश की युवा पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें समयानुकूल शिक्षा और सही दिशा देने की आवश्यकता पर बल दिया। सम्मेलन में यू.एस. ओस्तवाल एजुकेशन सोसायटी द्वारा संचालित शिक्षण संस्थानों की उपलब्धियों का भी उल्लेख करते जनरल मैनेजर प्रो. एम.एल. मांडोत ने बताया कि संस्था के तहत राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त पीजी कॉलेज, फार्मेसी कॉलेज और सीबीएसई संबद्ध स्कूल संचालित हैं। फार्मेसी कॉलेज में एम.फार्मा, बी.फार्मा और डी.फार्मा के कोर्स उपलब्ध हैं, वहीं पीजी कॉलेज में एमबीए, एमसीए, एमएससी, बीएससी, बीए, बीकॉम, एमए, एमकॉम, बीसीए, बीबीए और बी.लिब जैसे सभी प्रमुख पाठ्यक्रम संचालित हैं। संस्थान में विद्यार्थियों के लिए अलग-अलग छात्रावास की सुविधा, आधुनिक खेल परिसर और सर्वांगीण विकास के सभी मूलभूत संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इस अवसर पर पीजी कॉलेज प्राचार्या डॉ. खुशबू सिंघल, फार्मेसी कॉलेज प्राचार्या डॉ. अलका अग्रवाल और स्कूल प्राचार्य विनय शर्मा सहित लगभग 40 समाचार पत्रों और मीडिया संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सम्मेलन ने न केवल शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे कार्यों की समीक्षा की, बल्कि पत्रकारिता के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में उल्लेखनीय योगदान देने वाले पत्रकारों को सम्मानित भी किया गया।

रिपोर्ट/फोटोः
राकेश शर्मा 'राजदीप'

# आदिनाथ भगवान के पारणा दिवस पर गन्ने के रस का वितरण



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दिगंबर जैन महासमिति, मानसरोवर संभाग के अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार साह ने आज श्री आदिनाथ भगवान के पारणा दिवस पर निवास स्थान 116/139 पर इक्षु रस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दिगम्बर जैन महासमिति के राष्ट्रीय महामंत्री सुरेन्द्र कुमार जैन पांड्या, राजस्थान अंचल के महामंत्री महावीर जैन बाकलीवाल, पश्चिम संभाग के अध्यक्ष निर्मल संघी मीरा मार्ग मानसरोवर के निवर्तमान अध्यक्ष भागचंद जैन, लोकेंद्र पाटनी के अलावा अनेक गणमान्य व्यक्ति दोपहर में 3-00 बजे से शाम 7-00 बजे तक उपस्थित रहे ।

# प्लास्टिक नहीं, कपड़े की थैली अपनाएं

## अक्षय तृतीया पर एम वी आई महिला अंबरीश क्लब की पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रेरणादायक पहल

**अंबाह. शाबाश इंडिया।** अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर एम वी आई महिला अंबरीश क्लब ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम उठाया। क्लब की सचिव मंजू गुप्ता के नेतृत्व में यह कार्यक्रम ऋषि बाबा के आश्रम, ककरारी गांव में आयोजित किया गया, जिसमें प्लास्टिक के उपयोग को हतोत्साहित करते हुए कपड़े की थैलियों के प्रयोग को प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर श्रीमती शिखा नीरज गुप्ता ने कहा कि आज के समय में प्लास्टिक प्रदूषण एक गंभीर समस्या बन चुकी है, जिसे रोकने के लिए हमें अपने दैनिक जीवन में छोटे-छोटे बदलाव करने होंगे। उन्होंने सभी उपस्थितजनों को कपड़े की थैलियाँ वितरित करते हुए अनुरोध किया कि बाजार जाते समय प्लास्टिक के बजाय कपड़े की थैलियों का उपयोग करें। क्लब की इस पहल में कई सक्रिय सदस्याएं उपस्थित रहीं, जिनमें दीपशिखा गुप्ता, अंजली गुप्ता, रागिनी गुप्ता, अर्चना, रागिनी पंकज गुप्ता, रजनी गुप्ता आदि प्रमुख थीं। सभी महिलाओं ने मिलकर लोगों को प्लास्टिक मुक्त जीवन शैली अपनाने की प्रेरणा दी। शिखा गुप्ता ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य केवल पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना ही नहीं, बल्कि समाज में जागरूकता फैलाना भी था कि कैसे छोटी-छोटी पहलें बड़े बदलाव ला सकती हैं। अंजली गुप्ता ने कहा कि क्लब की यह कोशिश न केवल प्रेरणादायक है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ और सुरक्षित भविष्य की नींव भी रखती है।




महावीर इन्टरनेशनल एसोसिएशन, जयपुर
द्विवार्षिक चुनाव : 2025-27
टीम आदर्श
वोट बदलाव के लिये • पारदर्शिता के लिये • अस्तित्व के लिये
VOTE
कार्यकारिणी सदस्य पद हेतु
सेवा को समर्पित टीम को अपना मत एवं समर्थन देकर विजयी बनावें
बैलेट नं. 1
अरुण कुमार बैराठी
पूर्व मुख्य सचिव खादी कॉलोनी वेलफेयर सोसायटी बजाज नगर, जयपुर
बैलेट नं. 2
इंजी. अशोक कुमार खण्डेलवाल
रिटायर्ड चीफ इंजीनियर विद्युत विभाग,
पूर्व सचिव : राजस्थान पावर इंजीनियर एसोसिएशन
बैलेट नं. 3
डॉ. अशोक कुमार माथुर
रिटायर्ड प्रमुख विशेषज्ञ
जयपुरिया हॉस्पिटल
बैलेट नं. 5
बसंत जैन
राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भारतवर्षीय दिगम्बर जैन महासभा
पूर्व सदस्य देव स्थान विभाग ट्रस्ट राज. सरकार
बैलेट नं. 6
कमलेश खण्डेलवाल
अध्यक्ष : श्री बलराम सत्संग मण्डल ट्रस्ट जयपुर
महामंत्री : सिद्ध समाधी योग, जयपुर
बैलेट नं. 7
कृष्णपाल धीर
पूर्व मुख्य प्रबन्धक भारतीय स्टेट बैंक
पूर्व अध्यक्ष कन्ज़्यूमर एक्शन नेटवर्क सोसायटी (केन्स)
बैलेट नं. 12
पीयूष जैन
अध्यक्ष : जैन सोश्यल ग्रुप, ग्लोरी
अध्यक्ष : लायन्स क्लब जयपुर आकाशदीप
बैलेट नं. 15
ईजी. प्रेम चन्द छाबड़ा
संरक्षक : अणुव्रत समिति, जयपुर
पूर्व मंत्री : महावीर इन्टरनेशनल ऐसोसिएशन, जयपुर
बैलेट नं. 16
राकेश गोदिका जैन
संपादक : शाबाश इण्डिया समाचार पत्र
अध्यक्ष : सोशल एण्ड ब्लड एड सोसायटी जयपुर
बैलेट नं. 17
डॉ. रामलाल प्रजापत
जिला अध्यक्ष : सेवा भारती जयपुर
पूर्व कार्य. सदस्य महावीर इन्ट. ऐसोसिएशन, जयपुर
बैलेट नं. 18
रमेश चन्द गुप्ता
सचिव : राधा-कृष्ण मन्दिर ट्रस्ट
कार्य. सदस्य : जनता कॉलोनी विकास संस्थान
बैलेट नं. 20
डॉ. शान्ती लाल जैन
रिटा. प्रोफेसर राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर
पूर्व अध्यक्ष : टैक्स कन्सलटेन्ट एसोसिएशन
VOTE & SUPORT टीम आदर्श
बैलेट नं. 27
एडवोकेट विनीत जैन
उपाध्यक्ष : जैन सोश्यल ग्रुप, ग्लोरी
पूर्व संयुक्त सचिव : जैन सोश्यल ग्रुप, पर्ल
रविवार, दिनांक 4 मई, 2025
समय प्रात: 9.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक
स्थान : महावीर इन्टरनेशनल एसोसिएशन भवन
एस-10, जनता कॉलोनी, जयपुर
मतदान हेतु मतदाता अपना फोटो युक्त मूल पहचान पत्र पेनकार्ड/ड्राईविंग लाईसेंस/आधार कार्ड/पासपोर्ट एवं मतदाता पहचान पत्र अनिवार्य रूप से अवश्य साथ लावें।
इसके अभाव में मतदान सम्भव नहीं होगा।

# अक्षय तृतीया पर हुआ दहमी कलां मे भव्य आयोजन



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

आचार्य नवीन नंदी गुरुदेव के आशीर्वाद से प्राचीन दिगंबर जैन मंदिर, दहमी कला, बगरू में आज अक्षय तृतीया पर्व का भव्य आयोजन हुआ। आज प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ भगवान का मुनि अवस्था में प्रथम आहार गन्ने के रस से हुआ था अतः यह अक्षय तृतीया नाम से विख्यात हो गया इस दिन से दान विशेषकर आहार दान दिये जाने की परम्परा प्रारम्भ हुई। मंत्री प्रमोद बाकलीवाल ने बताया कार्यक्रम मे प्रातःपंचामृत अभिषेक, एवम प्राचीन ऋषभ देव जिन बिम्ब की गन्ने के रस से महाशांतिधारा गुंजन नेहा दर्शिल विशुद्ध हीरल, द्रव्य गंगवाल, जावरा, राजेन्द्र कुमार अनिला बंटी अमित रांवका बापू नगर विशाल तीर्थ तन्मय अरिहंत कासलीवाल नासिक श्रीमती मिथिलेश धर्म पत्नी स्व प्रमोद जैन आगरा, डा. निशांत जैन, देहरादून अंकेश, महेन्द्र, आलोक जी बड़जात्या, जोबनेर आदि भक्तों ने की।कार्यक्रम मे वैभव जैन, महावीर जी, रमेश बगरू उपस्थित थे।

# भगवान आदिनाथ के जयकारों के साथ किया इक्षु रस का वितरण




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

प्रतापनगर में जैन धर्म के प्रवर्तक एवं प्रथम तीर्थंकर तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव का प्रथम पारणा दिवस अक्षय तृतीया पर्व बुधवार 30 अप्रैल को भक्ति भाव से मनाया गया इस मौके पर द्वारकापुरी चौराहे पर इक्षु रस ( गन्ने का रस ) का आमजन को पिलाया गया। अमन जैन कोटखावदा ने बताया कि अक्षया तृतीया के दिन जैन बन्धुओं द्वारा दान देने की परम्परा है इस दिन इक्षु रस से राजा श्रेयांस द्वारा हस्तिनापुर में 13 माह की कठिन तपस्या के बाद जैन धर्म के प्रवर्तक एवं प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव का मुनि रूप में प्रथम आहार करवाया गया था। इस अवसर पर राजस्थान जैन युवा महासभा ग्रामीण महामंत्री अमन जैन कोटखावदा, अभिषेक जैन, डॉ हेमंत जीलोवा, भगवान दास धाकड़, रमन जैन, सहित बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे।

# पुलक मंच द्वारा अक्षय तृतीया पर्व मनाया, श्रद्धालुओं ने पिया इक्षु रस

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** मानोज्ञ परम पूज्य आचार्य श्री पुलक सागर जी महाराज के आशीर्वाद से 30 अप्रैल को प्रातः 7 बजे से अक्षय तृतीया के पावन पर्व के अवसर पर पुलक मंच परिवार,गायत्री नगर जयपुर के द्वारा गन्ने का रस श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर,गायत्री नगर,महारानी फार्म जयपुर के बाहर सभी श्रद्धालु गण को पिलाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ संगीता डिमांपुर वाली के द्वारा किया गया।इस अवसर पर पुलक मंच परिवार की और से अध्यक्षा मंजू जैन सेवावाले,महामंत्री रेखा झांझरी,महावीर सोनी, कोषाध्यक्ष सुरेश जैन, सीमा पाटोदी, अमित काला,अनीता बडजात्या, गुड्डी पाटनी, सरोज - रमेश काला, विमला जैन, ऊषा सेठी, सुनीला बाकलीवाल, भाग चन्द अरूणा दीवान थे। मंदिर प्रबंध कारिणी समिति के अध्यक्ष कैलाश छाबड़ा,मंत्री राजेश बोहरा,उपाध्यक्ष अरुण शाह, इत्यादि भी मौजूद रहे। समाज के गणमान्य विजय सोगानी, संतोष गंगवाल, सुरेश लुहाडिया, प्रदीप बाकलीवाल, प्रदीप पाटनी, निर्मल सेठी, अनिल झांझरी, राजेंद्र सोगानी, अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन युवा परिषद् के राष्ट्रीय महामंत्री उदयभान जैन बडजात्या आदि महानुभाव उपस्थित थे। महामंत्री रेखा झांझरी के अनुसार इस अवसर पर लगभग 700 लोगों को गन्ने का रस पिलाया।



# आचार्य विशुद्ध सागर जी मुनिराज को हजारो जान समूह की उपस्थिति में "धर्म देशना प्रमुख" अलंकरण किया समर्पित





**जयपुर. शाबाश इंडिया**

आचार्य श्री 108 विशुद्ध सागर जी मुनिराज के पट्टाचार्य संस्कार प्रतिष्ठा महामहोत्सव में आचार्य श्री 108 वसुनंदी जी मुनिराज के जिनशासन अजमेर से प्राप्त निदेर्शानुसार अखिल भारतवर्षीय धर्म जागृति संस्थान द्वारा "धर्म देशना प्रमुख" अलंकरण आज अक्षय तृतीया को आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी के चरण कमलों में हजारों जन समूह की उपस्थिति में सुमति धाम इंदौर में समर्पित करते हुए अभिनंदन किया गया। संस्थान के प्रांतीय अध्यक्ष पदम जैन बिलाला व संयोजक पंकज लुहाड़िया के साथ राकेश माधोराजपुरा , सिद्ध सेठी, अतुल बैनाडा सहित सात सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल इस कार्य हेतु जयपुर से इंदौर गया था। चर्या शिरोमणि, मानवता के सजग प्रहरी, अहिंसा के अग्रदूत, आगम निष्ठ, आत्म आराधक, संघ अनुशासक, निष्पृह, कामजयी, पंचाचार परायण, जिनेंद्र मुद्रांकित सहित अनेक अलंकारों से विभूषित आचार्य विशुद्ध सागर जी को पट्टाचार्य पदारोहण दिवस पर "धर्म देशना प्रमुख" के विशेष अलंकरण से गुरुवर वसुनंदजी के संकेतानुसार विभूषित कर चरण कमलों में अभिनंदन पत्र भेंट कर संस्थान ने कृतज्ञता अनुभव की। इधर पहले अभिनंदन पत्र का विमोचन किया गया तथा उसके बाद 400 के करीब साधु संतों की उपस्थिति में नव पट्टाचार्य आसन पर विराजित विशुद्ध सागर जी के पास संस्थान के पदाधिकारी गण प्रशस्ति को अवलोकनार्थ ले जाकर आशीर्वाद प्राप्त किया व सिंहासन के पास प्रशस्ति विराजित कर दी ।इस अवसर पर सुमति धाम के भामाशाह मनीष सपना गोधा, जयपुर के प्रदीप जैन लाला, विनोद कोटखावदा, अमर चंद खोरा, प. धर्म चंद शास्त्री, प. पीयूष शास्त्री सहित बहुत से गणमान्य श्रेष्ठियों की उपस्थिति रही।

## श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर एसएफएस राजावत फार्म मानसरोवर में अक्षय तृतीय पर्व मनाया



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** बैशाख शुक्ल तृतीया ( अक्षय तृतीया ) को जैन धर्म के प्रथम तीर्थकर श्री आदिनाथ को 13 माह 9 दिवस के बाद राजा श्रेयांस द्वारा इक्षु रस से पारणा कराया गया था। श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर एसएफएस राजावत फार्म मानसरोवर द्वारा इस दिन के पावन पर्व पर सकल जैन समाज एवं आसपास की समस्त कालोनी के साधर्मी बंधुओं की उपस्थिति में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ प्रातः 6:30 बजे उपस्थित सभी भक्तों द्वारा अभिषेक एवं 7:30 बजे व शांति धारा देश में इस समय चल रहे भारी संकट का शांति मय तरीके से अति शीघ्र समाधान हो देश में सभी को सुख शांति और समृद्धि मिले इसी भावना के साथ मंत्र उच्चारण शांतिपूर्ण तरीके से सफल हो भगवान से प्रार्थना करते हुए कमल टोंगिया के द्वारा वृद्ध शांति धारा पुण्यार्जक परिवार समिति के अध्यक्ष कमलेश चंद, महामंत्री सौभाग मल जैन युवा मंडल के मंत्री जिनेंद्र जैन महेंद्र लुहड़िया, लालचंद झंझरी, नरेंद्र चांदवड, सुरेंद्र हालदेनिया, धूपचंद गोधा, सुरेंद्र पाटनी, रोशन गोधा, अशोक बाकलीवाल द्वारा की गई। शांति धारा में समाज के सभी परिवारों ने सहयोग देकर धर्म प्रभावना बढ़ाई। इस अवसर पर महिला मंडल द्वारा आज की इस विशेष पर्व के धर्म की प्रभावना को जन-जन तक पहुंचाने के लिए महिला मंडल द्वारा शुद्ध ताजा इक्षु (गन्ने)का रस वितरण कर आदिनाथ के प्रथम आहार के पारणा का उपदेश दिया इस कार्यक्रम में जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के मनीष झंझरी, एवं समाज श्रेष्टि नवीन जैन, सुरेंद्र जी सेठी, रवि बाकलीवाल, वीरेंद्र गदिया, उपस्थित रहे महिला मंडल अध्यक्ष उर्मिला पाटनी मंत्री आशा जैन ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## अक्षय तृतीया के पावन पर्व की विशेष पूजा अर्चना हुई



**फागी. शाबाश इंडिया**

कस्बे सहित परिक्षेत्र के चोरु, चकवाडा, नारेड़ा, मंडावरी, मेहंदवास, लसाडिया, निमेडा, तथा लदाना के जिनालयों में जैन समाज की महिलाओं ने अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर जिनालयों में विशेष पूजा अर्चना कर भगवान आदिनाथ से सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना करते हुए अपने को धन्य किया कार्यक्रम में जैन समाज के प्रतिनिधि राजाबाबू गोधा ने बताया कि कस्बे के बडा मन्दिर आदिनाथ मंदिर में आज प्रातः अभिषेक ,शांति धारा बाद जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ भगवान की विशेष पूजा अर्चना की गई कार्यक्रम में समाज की मनभर कासलीवाल एवं राजकुमारी दोषी ने बताया कि जैन धर्म के प्रथम आदिनाथ भगवान ने अक्षय तृतीया के दिन गन्ने के रस से अपनी तपस्या का पारणा किया था, जैन धर्म में अक्षय तृतीया पर दान का विशेष महत्व है , इस दिन आहार दान, ज्ञान दान, ओषधी दान आदि दिये जाते हैं ,जैन समुदाय इस भगवान आदिनाथ की विशेष पूजा अर्चना करता है जो आत्म संयम के गुणों का प्रतीक है, जैन भिक्षु के लिए भोजन बनाने एवं परोसने की पहली आहार चर्या की स्थापना भी इसी दिन हुई थी, समाज की रेखा मित्तल ने बताया कि भगवान आदिनाथ के आदर्शों को अपने जीवन में उतारने की सख्त जरूरत है,जगत कल्याण करने की भावना तीर्थंकर प्रकृति का बन्ध कराती है।